महिला पहलवानों के समर्थन में युवा कांग्रेस ने पैदल मार्च निकाला

दिल्ली में महिला पहलवानों के चल रहे धरने के समर्थन में प्रदेश युवा कांग्रेस ने शनिवार को पीसीसी मुख्यालय से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकाला और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जयपुर। दिल्ली में महिला पहलवानों के चल रहे धरने के समर्थन में प्रदेश युवा कांग्रेस ने शनिवार को पीसीसी मुख्यालय से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकाला और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान शहीद स्मारक पर कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अभिमन्यु पूनिया, सतवीर चौधरी और राकेश मीणा के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता पैदल मार्च में शामिल हुए।

शहीद स्मारक से भाजपा कार्यालय का घेराव करने के लिए आगे बढ़ रहे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर रोक लिया, जिससे नाराज कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ हल्की धक्का मुक्की भी हुई। कार्यकर्ताओं ने भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रदर्शन किया।

- **शहीद स्मारक से भाजपा कार्यालय का घेराव करने के लिए आगे बढ़ने पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ हल्की झड़प हुई**

प्रदर्शन के पश्चात युवा कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर महिला पहलवानों को इंसाफ नहीं दिया गया तो फिर दिल्ली कूच करेंगे। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद भी भाजपा सांसद बृज भूषण सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो रही है। जिन बेटियों ने देश का नाम रोशन किया है उन्हें आज इंसाफ के लिए भटकना पड़ रहा है लेकिन सरकार अपने सांसद के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रही है, इससे साफ है कि आरोपी भाजपा सांसद को केंद्र सरकार का संरक्षण मिला हुआ है।

सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग रोकने में सरकार का सुस्त और लापरवाह रवैया

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक से जुड़े मामले में कहा है कि इस संबंध में भारत सरकार की ओर से 12 अगस्त, 2021 को जारी अधिसूचना को प्रभावी तरीके से लागू करने में राज्य सरकार का अब तक सुस्त और लापरवाह रवैया रहा है। अदालत ने आदेश की कॉपी मुख्य सचिव, प्रदूषण नियंत्रण मंडल, पर्यावरण मंत्रालय, वन एवं जलवायु परिवर्तन सचिव सहित अन्य को भेजने के साथ इस अधिसूचना का तत्काल प्रभावी क्रियान्वयन करने को कहा है। वहीं अदालत ने माना है कि प्लास्टिक कोटेड पेपर कप भी सिंगल यूज़ प्लास्टिक की श्रेणी में आते हैं। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश मैसर्स खंडेलवाल पेपर इंडस्ट्रीज व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं को खारिज करते हुए दिए।

- **अदालत ने आदेश की कॉपी मुख्य सचिव, प्रदूषण नियंत्रण मंडल, पर्यावरण मंत्रालय, वन एवं जलवायु परिवर्तन सचिव सहित अन्य को भेजते हुए इस अधिसूचना का तत्काल प्रभावी क्रियान्वयन करने को कहा है।**

अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान कई संबंधित याचिकाओं को साथ सुना गया था और सब याचिकाओं में समान मुद्दा यह था कि 12 अगस्त 2021 को पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के तहत सिंगल यूज़ प्लास्टिक से संबंधित जिन वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया था, उनमें 'प्लास्टिक कोटिंग/लैमिनेटिड पेपर कप' भी शामिल हैं कि नहीं। इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया था कि 'लैमिनेटिड पेपर कप' के निर्माण में 95 फीसदी उपयोग पेपर की लुगदी का होता है और केवल पांच प्रतिशत उपयोग प्लास्टिक का होता है जो कप का पानी से बचाव करती है। याचिकाकर्ताओं ने यह भी तर्क प्रस्तुत किये थे कि पर्यावरण मंत्रालय की जिस समिति ने 12 अगस्त 2021 को नोटिफिकेशन जारी किया था उसमें उक्त विशेषज्ञ नहीं थे जो यह फैसला ले सकते थे कि कौनसी वस्तुएं सिंगल यूज़ प्लास्टिक है और कौनसी नहीं। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में कहा कि उन्हें प्रदेश के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से उक्त नोटिफिकेशन के तहत नोटिस भी मिले हैं और उन्होंने अदालत से इन नोटिस को रद्द करने की गुहार भी की थी। इस मामले में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से अधिवक्ता शाश्वत पुरोहित ने कहा कि 'प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स', की संशोधित धारा-4(2) के तहत सिंगल यूज़ प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने अदालत को कहा कि याचिकाकर्ताओं द्वारा बनाये जा रहे कप उसी श्रेणी में आते हैं जिसे सिंगल यूज़ प्लास्टिक की श्रेणी में डाला जाता है और इसीलिये जुलाई, 2022 में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने याचिकाकर्ताओं को नोटिस भी दिया था।

वहीं पर्यावरण मंत्रालय और केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता संदीप पाठक ने अदालत को कहा कि 12 अगस्त 2021 को जारी नोटिफिकेशन के तहत 19 आईटम्स को प्रतिबंधित किया गया था जिसमें 'लैमिनेटिड प्लास्टिक कप' भी शामिल हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि पर्यावरण मंत्रालय की जिस 'नेशनल टास्क फोर्स' ने नोटिफिकेशन जारी किया था, उसमें सभी राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य तथा अन्य विभागों के सदस्य भी मौजूद थे। और इस 'टास्क फोर्स' में 194 विशेषज्ञ शामिल थे, इसलिये उन्होंने सभी तथ्यों को मद्दे नजर रखते हुए प्लास्टिक से बनीं 19 वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया था जिनमें 'प्लास्टिक कप' भी शामिल हैं।

संदीप पाठक ने आगे कहा कि पेपर कप में कोटिंग के लिए प्लास्टिक की मात्रा मायने नहीं रखती है। ऐसा प्लास्टिक सिंगल यूज़ प्लास्टिक की श्रेणी में आता है और इस अधिसूचना के तहत इसका निर्माण और बिक्री आदि नहीं हो सकती है। दोनों पक्षों को सुनकर अदालत में याचिकाओं को खारिज करते हुए अधिसूचना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं।

प्रतिबंधित दवाइयों के मामले में जमानत रद्द करने के आदेश

जयपुर। हाईकोर्ट में अजमेर जिले में प्रतिबंधित दवाइयों को लेकर दर्ज तीन मामलों में आरोपी श्याम सुंदर मूंदडा को वर्ष 2021 में मिली जमानत को रद्द कर दिया है। अदालत ने इस संबंध में एनडीपीएस कोर्ट, अजमेर के जमानत आदेश को निरस्त कर दिया है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश राज्य सरकार की ओर से पेश जमानत रद्द करने के प्रार्थना पत्रों को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि वर्ष 2021 में जमानत मिलने के बाद दो अनुसंधान अधिकारियों का तबादला किया गया और एक जांच अधिकारी दिव्या मित्तल को एनडीपीएस एक्ट में आरोपी माना है। ऐसे में यह नहीं माना जा सकता कि आरोपी ने जांच में छेड़छाड़ नहीं की हो।

याचिकाओं में सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जीएस राठौड़ ने अदालत को बताया कि श्याम सुंदर मूंदडा हिमाचल और देहरादून से प्रतिबंधित दवाईयां मंगाकर सप्लाई करता था। उसने गोदाम और फर्म दूसरे लोगों के नाम से ले रखे थे। पुलिस जांच से साबित है कि मूंदडा ही प्रकरण का मास्टर माइंड था। पूरे मामला करीब बीस करोड़ रुपए की प्रतिबंधित दवाओं से जुड़ा हुआ है। एनडीपीएस कोर्ट ने श्याम सुंदर मूंदडा को वर्ष 2021 में जमानत पर रिहा किया था, जबकि समान मामले में अन्य सह आरोपियों की जमानत अर्जियां खारिज कर दी थी।

मंत्रालयिक कर्मचारियों से एकजुट होने का आव्हान किया

जयपुर। मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से शहीद स्मारक पर 6 सूत्री मांगों के समर्थन में किया जा रहा क्रमिक अनशन शनिवार को 80 वे दिन भी जारी रहा। इस दौरान राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्रालयिक एकता मंच कोर कमेटी के सदस्य राजेश पारीक ने मंत्रालयिक कर्मचारियों से एकजुट होने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि एकता मंच द्वारा प्रारंभ से ही विभिन्न मंत्रालयिक संगठनों को एक साथ लेकर आंदोलन करने के प्रयास किए गए। यहां तक कि 16 व 17 अप्रैल को मंत्रालयिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष को व्यक्तिश भी मुख्यमंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा से एक साथ मिलने का आमंत्रण दिया गया। दुर्भाग्य की बात है कि वर्तमान समय में एकता के महत्व को नहीं समझते हुए मुख्यमंत्री से एक साथ मिलने से मना कर दिया।

उसी का परिणाम है कि आज मंत्रालयिक कर्मचारी अपना वेतन कटाने को मजबूर है। अभी भी समय है और हम पुनः खुला आमंत्रण देते हैं कि निजी हठ और महत्वाकांक्षाओं से ऊपर उठते हुए संवर्ग हित में मुख्यमंत्री के पास साझा मांग पत्र लेकर उपस्थित होने को तैयार हो। इस अवसर पर कोर कमेटी के अन्य सदस्य गजेंद्र सिंह राठौड़ एवं सुरेश धाभाई ने भी अपनी सहमति व्यक्त की। उधर आज पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग के रमेश चंद गुर्जर के नेतृत्व में प्रवीण सिंह शेखावत विष्णु कुमावत राहुल वर्मा एवं मुकेश खोलिया 24 घंटे के क्रमिक अनशन पर बैठे।

जयपुर में रात को चली तेज हवाएं

जयपुर। जयपुर में शनिवार रात को एक बार फिर करीब 60 से 80 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। इस दौरान वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में तेज हवाओं के चलने से धूल का गुबार छा गया। इस बीच बिजली चमकने और मेघ गर्जन के साथ बूंदाबांदी हुई। मौसम केन्द्र जयपुर ने देर रात को राजधानी में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए 60 से 80 किलोमीटर तक की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई है। वहीं इस बीच जयपुर शहर और आसपास के इलाकों में कही-कही ओले गिर सकते है।

बाल सुधार गृह से दो बाल अपचारी फरार

जयपुर। राजधानी के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके सेठी कॉलोनी स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह से एक बार फिर दो बालअपचारी फरार हो गए हैं। हैरत की बात यह रही कि बाल सुधार गृह में तैनात सिक्युरिटी गार्डों की मदद से ही बालअपचारी फरार होने में कामयाब रहे।

दरअसल, सुरक्षाकर्मियों ने गेट खोल दिया था, जिसका फायदा उठा कर बालअपचारी फरार हो गए। अब घटना को लेकर राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह के कॉउंसलर सोनू कुमार टेलर ने तीन नामजद सिक्युरिटी गार्ड के खिलाफ ट्रांसपोर्ट नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वहीं, मुकदमा दर्ज होने के बाद एक बालअपचारी को उसके परिजन संस्था को सौंप गए है। अब फरार एक बालअपचारी की तलाश की जा रही है।

थानाधिकारी जय प्रकाश पूनियां ने बताया घटना 2 जून की सुबह करीब 6 बजे की राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह है। यहां दो बालअपचारी संप्रेक्षण गृह के चैनल गेट से फरार हो गए। आरोप है मौके पर तैनात सिक्युरिटी गार्ड कप्तान सिंह बैंसला, बलराम शर्मा और गिर्राज प्रसाद ज्योतिषी की मिलीभगत से ही बालअपचारी भागने में सफल हुए। इन लोगों ने प्लानिंग के तहत चैनल गेट खोला था, जिसका फायदा उठा कर बालअपचारी फरार हो गए।

राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह से भागे दोनों बालअपचारियों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों बालअपचारी की उम्र 17 वर्ष हैं।

- **बाल अपचारी बाल सुधार गृह में तैनात सिक्युरिटी गार्डों की मदद से फरार हुए**
- **कॉउंसलर सोनू कुमार टेलर ने तीन नामजद सिक्युरिटी गार्ड के खिलाफ ट्रांसपोर्ट नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।**
- **एक बालअपचारी को उसके परिजन संस्था को सौंप गए, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है।**

एक बालअपचारी फरार होने के बाद सीधा मुहाना स्थित अपने घर पहुंचा, जहां से उसके परिजन वापस उसे संस्था छोड़ गए। वहीं, फरार एक अन्य बालअपचारी की तलाश की जा रही है।

गौरतलब है कि राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह से बालअपचारियों के भागने की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी है। कभी दीवार तोड़ कर तो कभी बाथरूम की जाली तोड़ कर बालअपचारी भाग चुके है। अबकी बार सुरक्षाकर्मियों की मदद से बालअपचारी फरार हुए। पूर्व में भी दो सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश हो चुके हैं।

प्रदेश भर में 37 हजार से ज्यादा दुपहिया वाहनों के चालान काटे

शनिवार को बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया

जयपुर, (कासं)। प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में दुपहिया वाहन चालकों व सवारी की होने वाली मृत्यु में कमी लाने के लिए शनिवार को बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध संचालित एक दिवसीय सघन अभियान के तहत 37 हजार 771 दुपहिया वाहन चालकों का चालान किया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात वी के सिंह ने बताया कि अभियान में आमजन के व्यापक सहयोग मिला। अधिकांश वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करते हुए मिले। सिंह ने भीषण गर्मी के बावजूद यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदेश भर में किए गए अच्छे कार्यों की सराहना की एवं भविष्य में भी इसी प्रकार लगन और निष्ठा के साथ कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी दुपहिया वाहन चालकों को स्वयं की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से उपयुक्त गुणवत्ता का हेलमेट पहनने का आग्रह किया। साथ ही अभिभावकों से अपने बच्चों को दुपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनाने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि दिन भर में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 37 हजार 771 चालकों के चालान किए गए। इनमें जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में 4673 और जयपुर ग्रामीण में 1564 चालान काटे गए। इसके अलावा जयपुर रेंज में 8001, सीकर में 2731, उदयपुर में 1640, अजमेर में 1542, जयपुर पूर्व में 1246, बीकानेर रेंज में 4712, भरतपुर रेंज में 3642, अजमेर रेंज में 3976, उदयपुर में रेंज में 5352, जोधपुर रेंज में 4378, कोटा में 4872 और जोधपुर कमिश्नरेट में 1892 चालान किए गए।

आमेर रोजगार मेले में युवाओं का उमड़ा हुजूम, 500 से अधिक युवाओं का हुआ चयन

रोजगार मेला उद्घाटन समारोह में सतीश पूनिया के साथ विधायक रामलाल शर्मा, जिला प्रमुख रमादेवी इत्यादि उपस्थित रहे

जयपुर। आमेर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए आयोजित किए गए आमेर रोजगार मेला में भारी संख्या में युवाओं का हुजूम उमड़ा, जिसमें लड़कियों और दिव्यांगजन ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आज अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करवाने के लिये रोजगार मेला का आयोजन किया, जिसमें हिस्सा लेने वाले युवक और युवतियों में भारी उत्साह देखा गया।

रोजगार मेला कूकस के आर्या कॉलेज (मेन कैंपस) में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें आमेर विधानसभा के 500 से अधिक युवाओं को देशभर की प्रतिष्ठित निजी कंपनियों के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये गये, जिनमें तमाम युवाओं को बड़े पैकेज की नौकरी का भी कम्पनियों की तरफ से ऑफर मिला है और 2800 से अधिक युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया। पिछले दिनों आमेर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाये गये रजिस्ट्रेशन कैम्प्स के माध्यम से हजारों युवाओं के ऑनलाइन आवेदन लिए गये थे और लगभग 21 प्रतिष्ठित निजी कंपनियों ने कूकस के आर्या कॉलेज में स्टॉल्स लगाकर युवाओं के मौके पर ही इंटरव्यू लेकर शॉर्टलिस्ट कर 500 से अधिक युवाओं को प्लेसमेंट दिए।

उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आमेर के कूकस स्थित आर्या कॉलेज में शनिवार को रोजगार मेले का उद्घाटन किया।

रोजगार मेला में आमेर विधानसभा क्षेत्र के 10वीं, 12वीं, आइटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएट, बीटेक इत्यादि शैक्षिणक योग्यता वाले 500 से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अवसर दिये गये, जो युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विधायक सतीश पूनिया की अनूठी पहल और नवाचार है। बता दें कि आमेर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को अगले वर्ष 2024 में भी सतीश पूनिया की तरफ से रोजगार मेला आयोजित कर प्रतिष्ठित कंपनियों के माध्यम से रोजगार के अवसर दिए जाएंगे, जहां कंपनियां शैक्षिणक योग्यता और इंटरव्यू के आधार पर युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराएंगी। उल्लेखनीय है कि आमेर रोजगार मेला उद्घाटन समारोह में सतीश पूनिया के साथ भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं चौमूं विधायक रामलाल शर्मा, जिला प्रमुख रमादेवी, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, प्रधान हरदेव यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवान शर्मा, मंडल अध्यक्ष दौलत सिंह शेखावत, हनुमान गुर्जर, रामकुमार गुर्जर, मनोज वर्मा, महेश जांगल, विकास स्वामी, रमेश निठारवाल विभिन्न सरपंच गण, कार्यकर्ता और गणमान्य लोग इत्यादि उपस्थित रहे।

- **कंपनियों के प्रतिनिधियों को सतीश पूनिया ने विश्व प्रसिद्ध आमेर महल की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया**

बीयर बार में मैनेजर से मारपीट

जयपुर। आदर्श नगर थाना इलाके स्थित एक बीयर बार में बदमाशों ने तोड़फोड़ करने के बाद मैनेजर से मारपीट की। पुलिस ने बताया कि घटना पिंक स्क्वायर मॉल स्थित पोइजन क्लब की है। मैनेजर दुर्गेश चौधरी ने रिपोर्ट दी है।

आरोप है कि बार में 2 जून की रात करीब 3 बजे जैकी उर्फ़ बाबा और रोहित अपने 5-6 साथियों सहित आए और बीयर मांगी। बार बंद होने का हवाला दिया तो उससे धक्का मुक्की की। आरोप यह भी है कि रोहित और जैकी ने अपने साथियों से गाड़ी में से पिस्टल और तलवार मंगवाई। इसके बाद मैनेजर से मारपीट की और बार में तोड़फोड़ कर फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर फुटेज खंगाल रही है। वहीं दूसरी ओर रामनगरिया थाना इलाके में एक डिलीवरी बॉय से लूट का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि शिव शंकर नगर, प्रताप नगर निवासी मुकेश कुमार मीणा (25) ने मामला दर्ज करवाया है कि वह जोमेटो कंपनी में डिलीवरी बॉय है। 1 जून की रात मोजिका अल्टिमा में फ़ूड पार्सल देने जा रहा था। इस दौरान जीरोता रोड पर बाइक सवार तीन लोग आए और चलती बाइक से मोबाइल छीनने का प्रयास किया और धक्का देकर नीचे गिरा दिया। पीड़ित ने मोबाइल नहीं दिया तो बदमाश उससे मारपीट कर जेब में रखे रुपए लूट ले गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

सार-समाचार

फरार दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। राजधानी की सदर थाना पुलिस ने अपहरण और लूट के मामले में तीन साल से फरार चल रहे दो-दो हजार रुपये के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि सदर थाना पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे दो-दो हजार रुपये के इनामी आरोपी गणपत सिंह (23) निवासी भूरिया खेड़ा जवाजा जिला अजमेर और मुकेश सिंह उर्फ नैना (21) निवासी बारशेखावास जिला राजसमंद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित गणपत सिंह और मुकेश सिंह उर्फ नैना के खिलाफ विभिन्न थानों में लूट,मारपीट सहित अन्य आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज है। गौरतलब है कि आरोपियों ने 25 नवम्बर 2021 को एक गाडी बुक करा कर चालक को जोबनेर में बंधक लूट लिया था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस वारदात में शामिल लोकेन्द्र उर्फ बल्लू उर्फ विष्णु निवासी दांतारामगढ़ जिला सीकर और अनिल सिंह निवासी जवाजा जिला अजमेर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मामले में ये दोनों ही आरोपी फरार चल रहे थे। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से दो-दो हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

मादक पदार्थ तस्कर दबोचे

जयपुर। राजधानी की कानोता थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थ और शराब की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से तीन ग्राम 80 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और तीन सौ अवैध शराब के पव्वे जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि कानोता थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले वसीम निवासी लूनियावास खोह नागोरियान को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तीन ग्राम 80 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। वहीं अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले रमेश चंद मीणा, विकास बसवाल उर्फ गोलू और शंकर सांसी निवासी के नेता को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन सौ शराब पव्वे जब्त किए है। पुलिस पूछताछ में अवैध मादक पदार्थ स्मैक की और शराब की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

नशा पिलाकर युवती से दुष्कर्म

जयपुर। झोटवाड़ा थाना इलाके में एक युवती से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि इलाके निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी है। आरोप है कुछ दिन पहले उसकी बेटी को सहेली दीपा काम का बहाना बना कर अपनी छोटी बहन रश्मि के घर ले गई थी। यहां दीपा और रश्मि का भाई पारस मौजूद था। तीनों ने बेटी को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाया। इसके बाद पारस ने बेहोशी की हालत में कमरे में बेटी से शारीरिक सम्बन्ध बनाए और घटना की वीडियो बना ली। अब तीनों उसे ब्लैकमेल कर रुपए की डिमांड कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं दूसरी ओर कानोता थाना इलाके में एक भाभी से देवर द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि इलाके निवासी 23 वर्षीय विवाहिता ने इस्तगासे के जरिए मामला दर्ज करवाया है कि देवर विक्की ने उससे दुष्कर्म किया और अब वह ब्लैकमेल कर रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

किशोरी से दुष्कर्म किया

जयपुर। भांकरोटा थाना इलाके में एक किशोरी से उसकी बड़ी बहन के परिचित द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि मूलतः यूपी हाल इलाके निवासी 17 वर्षीय किशोरी ने मामला दर्ज करवाया है कि बड़ी बहन के साथ कंपनी में रामकेश काम करता है। उसका घर पर आना जाना है। आरोप है रामकेश उसे अपने कमरे पर ले गया, जहां उससे दुष्कर्म किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं सांगानेर थाना इलाके में एक किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि इलाके निवासी महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ दिन पहले नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। इस दौरान पड़ौसी कृष्णा गोस्वामी घर में घुस गया और बेटी से दुष्कर्म कर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बुजुर्ग महिला लापता

जयपुर। राजधानी के शिप्रापथ थाना इलाके से 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस महिला की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग महिला रामपति मथुरिया गोपालपुरा इलाके में किरण विहार त्रिवेणी नगर की रहने वाली है। वह 21 मई को सुबह करीब 8 बजे बिना बताए अपने घर से चली गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। महिला का पता नहीं चलने पर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सतीश पूनिया ने संवेदना जताईं

जयपुर। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने ओडिशा हादसे पर गहरी संवेदना जताई हैं। उन्होंने कहा कि बालासोर जिले में हृदय विदारक ट्रेन हादसा अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। ट्रेन हादसे में काल कवलित दिवंगतों के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं, ईश्वर से मृतकों के परिजनों को संबल प्रदान करने और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।